**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

## THE TRIBUNE

# VARSITY BIDS FAREWELL TO DY DIRECTOR

**Faridabad:** Officials of the JC Bose University of Science and Technology, YMCA here bid a farewell to Mohit Jain, Deputy Director, Local Audit Department, Haryana, on his transfer to Gurugram University, Gurugram. Jain had joined the university in May 2017 and rendered his services for over three years. He is replaced by Rajeev Sharma, who has been posted as Deputy Director (Audit) in the university. Earlier, Sharma was posted as Deputy Director, Municipal Corporation, Sonepat. On the occasion, Vice-Chancellor Prof Dinesh Kumar recalled the association of Jain with the university and appreciated the support provided by him during his tenure.

The Tribune Thu, 14 January 2021
https://epaper.tribune

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

## PUNJAB KESARI

# स्वामी विवेकानंद का जीवन युवाओं के लिए प्रासंगिक

- **स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया**



**राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य।**

**फरीदाबाद,** राकेश देव (पंजाब केसरी)। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिता शामिल हैं।

इस अवसर पर आयोजित विशेषज्ञ वार्ता में अभ्यात्मा योग अकादमी

सुब्रमण्यम अनंता वेंकट मुख्य वक्ता रहे जबकि अंतर्राष्ट्रीय योग शिक्षक डॉ. कुश पांचाल ने 'तनाव प्रबंधन' पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इन आयोजनों में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इससे

प्रदीप डिमरी ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए हमेशा प्रासंगिक रही है। चरित्र निर्माण उनकी शिक्षाओं का मुख्य सिद्धांत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया।

कुलपति ने महान भारतीय विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विवेकानंद मंच और

सराहना की।

विशेषज्ञ व्याख्यान में प्रो. सुब्रमण्यन ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास मानसिक शांति प्राप्त होती है जोकि शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करती है। इसी प्रकार, डॉ. कुश पांचाल ने विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया और तनाव मुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने तनाव मुक्त और आरामदायक जीवन प्राप्त करने के लिए कुछ तकनीकों को भी साझा किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बिंद मंगला

पंजाब केसरी
Thu, 14 January 2021
mpaper.punjabkesari.com/c/57731655

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

## PUNJAB KESARI

# स्वामी विवेकानंद की शिक्षाएं युवाओं के लिए प्रासंगिकः प्रो. दिनेश कुमार

फरीदाबाद, 13 जनवरी (पूजा शर्मा): जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिता शामिल हैं। इस अवसर पर आयोजित विशेषज्ञ वार्ता में अभ्यात्मा योग अकादमी, बेंगलूरू के निदेशक योगाचार्य प्रो. सुब्रमण्यम अनंता वेंकट मुख्य वक्ता रहे जबकि अंतर्राष्ट्रीय योग शिक्षक डॉ. कुश पांचाल ने 'तनाव प्रबंधन' पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विश्वविद्यालय के विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा किया गया। इन आयोजनों में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया।



*राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम में हिस्सा लेते हुए कुलपति प्रो. दिनेश कुमार एवं अन्य। (छाया: एस शर्मा)*

राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए हमेशा प्रासंगिक रही है। चरित्र निर्माण उनकी शिक्षाओं का मुख्य सिद्धांत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने महान भारतीय विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की। विशेषज्ञ व्याख्यान में प्रो. सुब्रमण्यन ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास मानसिक शांति प्राप्त होती है जोकि शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करती है। इसी प्रकार, डॉ. कुश पांचाल ने विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया और तनाव मुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया, जिसमें लगभग 300 विद्यार्थियों की भागीदारी रही। कार्यक्रम के अंत में डॉ. बिंदू मंगला ने धन्यवाद किया। जे.सी. बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 और 15 जनवरी को सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो दिनेश कुमार करेंगे।


पंजाब केसरी ई-पेपर Thu,14 January 2021
Edition: faridabad kesari, Page no. 1

## J. C. Bose University of Science and Technology, YMCA, Faridabad

*(formerly YMCA University of Science and Technology)*

**A State Govt. University established wide State Legislative Act. No. 21 of 2009**

**SECTOR-6, FARIDABAD, HARYANA-121006**

**Ph. 129-2310127 | email:proymcaust@gmail.com | web: www.jcboseust.ac.in**

GOLDEN JUBILEE YEAR (1969-2019)


**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

# HINDUSTAN

शिक्षा मंत्रालय की ओर से टॉयकाथॉन 2021 प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा, 20 जनवरी तक इच्छुक छात्र भेज सकेंगे ऑनलाइन एंट्री

## टॉयकाथॉन में छात्रों को गेमिंग एप बनाकर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलेगा

**तैयारी**

फरीदाबाद | **कार्यालय संवाददाता**

गेमिंग और खिलौना डिजाइनिंग में रूचि रखने वाले स्कूल और कॉलेज के छात्रों को सरकार प्रतिभा दिखाने का मंच देकर प्रोत्साहित करेगी। दरअसल, शिक्षा मंत्रालय की ओर से टॉयकाथॉन 2021 प्रतियोगिता का आयोजन कराया जा रहा है।

प्रधानमंत्री की ओर से शुरू किए गए आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत इस प्रतियोगिता के जरिए युवाओं से खिलौने और गेम के नवीन विचारों के साथ आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इसमें युवा भारतीय सभ्यता, संस्कृति, परंपरा और नैतिकता जैसे मूल्यों से जुड़े गुणों के साथ खिलौने और गेमिंग के बेहतरीन आइडिया दे सकेंगे। जिले से भी इसमें विभिन्न स्कूल व कॉलेजों से छात्र हिस्सा लेने की तैयारी में हैं।

**सीबीएसई और यूजीसी की ओर से निर्देश जारी :** टॉयकाथन 2021 का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल की ओर से अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद, महिला और बाल विकास मंत्रालय, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, एमएसएमई मंत्रालय, कपड़ा मंत्रालय और सूचना मंत्रालय के साथ मिलकर किया जा रहा है। इसके जरिए युवा खिलौने, गेम डिजाइननिंग या एप के लिए बेहतरीन सुझाव दे सकेंगे। विजेताओं को बकायदा सरकार की ओर से पुरस्कृत किया जाएगा और 27 फरवरी से शुरू होने वाले टॉय फेयर में अपने सुझाव पेश करने का मौका भी मिलेगा। इस बारे में सीबीएसई और यूसीजी की ओर से स्कूल, कॉलेजों व विश्वविद्यालयों के लिए आदेश जारी हो चुके हैं।

**खास गेम और खिलौने विकसित करना मकसद :** जारी आदेशों के मुताबिक प्रतियोगिता के तहत छात्रों को भारतीयता के पुट के साथ खास खिलौने, गेम या एप विकसित करने के सुझाव देने होंगे। इसके तहत भारत के इतिहास, संस्कृति, गौरव गाथाओं, महत्वपूर्ण गतिविधियों से जोड़कर गेम या एप विकसित किए जा सकते हैं। इसके अलावा दिव्यांगों के लिए खास, नैतिक संस्कारों, शारीरिक या मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने, वैदिक गणित को प्रोत्साहित करने, सांस्कृतिक विविधता को दर्शानि, पढ़ाने में इस्तेमाल होने वाले खिलौने या एप विकसित किए जा सकते हैं।




जेसी बोस यूनिवर्सिटी का फाइल फोटो।

सरकार की ओर से आयोजित की जा रही प्रतियोगिता युवाओं को प्रतिभा दिखाने का बेहतरीन मंच है। इंस्टीट्यूट इनोवेशन सेलऔर बिजनेस टेक्नोलॉजी इंक्यूबेशन सेल के तहत विश्वविद्यालय के छात्रों को जानकारी देकर उन्हें ज्यादा से ज्यादा संख्या में भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। विश्वविद्यालय का मकसद भी यही है कि छात्र स्वरोजगार से जुड़े और उद्यमिता की दिशा में आगे बढ़ें। **प्रो. दिनेश कुमार,** कुलपति, जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

**THE PIONEER**

# विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए प्रासंगिक : कुलपति

## राष्ट्रीय युवा दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**वाईएमसीए** स्थित जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय द्वारा स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस उपलक्ष्य में विभिन्न आनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिता शामिल हैं।

विशेषज्ञ वार्ता में अभ्यात्मा योग अकादमी, बेंगलूरू के निदेशक योगाचार्य प्रो. सुब्रमण्यम अनंता वेंकट मुख्य वक्ता रहे जबकि अंतरराष्ट्रीय योग शिक्षक डॉ. कुश पांचाल ने 'तनाव प्रबंधन' पर प्रेरक व्याख्यान दिया। कार्यक्रम का संचालन विवि के विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ ने किया। आयोजनों में 300 से अधिक विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इससे पहले, निदेशक युवा कल्याण डॉ. प्रदीप डिमरी ने विशेषज्ञ वक्ताओं का स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए हमेशा प्रासंगिक रही है। चरित्र निर्माण उनकी शिक्षाओं का मुख्य सिद्धांत रहा है। उन्होंने विद्यार्थियों को स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। कुलपति ने महान भारतीय विचारक स्वामी विवेकानंद की जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित करने के लिए विवेकानंद मंच और एनएसएस प्रकोष्ठ के प्रयासों की सराहना की।

विशेषज्ञ व्याख्यान में प्रो. सुब्रमण्यन ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला और योगाभ्यास को जीवन का हिस्सा बनाने के लिए विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि योगाभ्यास मानसिक शांति प्राप्त होती है जोकि शारीरिक और मानसिक विकारों को दूर करती है। इसी प्रकार, डॉ. कुश पांचाल ने विद्यार्थियों के साथ एक संवादात्मक सत्र आयोजित किया और तनाव मुक्त जीवन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने तनाव मुक्त और आरामदायक जीवन प्राप्त करने के लिए कुछ तकनीकों को भी साझा किया। राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

**THE PIONEER**

# दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन आज से

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विश्व विद्यालय के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 और 15 जनवरी को सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा मुख्य अतिथि होंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो दिनेश कुमार करेंगे। सीएसआईआर-एनईईआरआई दिल्ली जोनल सेंटर के वरिष्ठ प्रधान वैज्ञानिक डॉ. एसके गोयल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली से प्रो. केएन झा, भारतीय भवन कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री प्रदीप मित्तल उद्घाटन सत्र में मुख्य वक्ता रहेंगे।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

**HINDUSTAN**

# युवा दिवस पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए में बुधवार को स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती के उपलक्ष्य पर राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। इस दौरान कई छात्रों ने विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रमों जैसे विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और तरह-तरह की कला प्रतियोगिता में भाग लिया।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

## HINDUSTAN

# वाईएमसीए में आज से ऑनलाइन सम्मेलन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग की ओर से में 14 और 15 जनवरी को सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण विज्ञान के क्षेत्र में उन्नत तकनीकों पर दो दिवसीय आनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

**AMAR UJALA**

# दो दिवसीय ऑनलाइन राष्ट्रीय सम्मेलन की तैयारी

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (विवि) में दो दिनों तक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। विवि के सिविल इंजीनियरिंग विभाग और पर्यावरण विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 14 और 15 जनवरी तक सिविल इंजीनियरिंग और पर्यावरण क्षेत्र की उन्नत तकनीक पर चर्चा की जाएगी। सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में कुरुक्षेत्र विवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा बतौर मुख्य अतिथि शामिल होंगे। अध्यक्षता विवि के कुलपति प्रो. दिनेश कुमार करेंगे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 14.01.2021**

## NAVBHARAT TIMES

# छात्रों ने दिखाया टैलंट

**वरिष्ठ संवाददाता, फरीदाबाद:** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय की तरफ से स्वामी विवेकानंद की 158वीं जयंती पर राष्ट्रीय युवा दिवस के मौके पर विभिन्न ऑनलाइन कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विशेषज्ञ वार्ता, वेबिनार और राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिता शामिल की गई। राष्ट्रीय युवा दिवस पर विद्यार्थियों को अपने संबोधन में कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का जीवन एवं शिक्षाएं युवाओं के लिए हमेशा प्रासंगिक रही है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्तर की कविता और कला प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।